डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांक: COE-83/DSMNRU/फा0सं0–COE-165A/परीक्षा/2021–22 दिनांकः– 03 जुलाई, 2021

## बी0पी0ओ0 प्रथम वर्ष की वार्षिकी परीक्षा एवं बी0कॉम0एलएल0बी0 द्वितीय/चतुर्थ/षष्ठम्/अष्ठम् अधिसत्र तथा अन्तिम अधिसत्र/वर्ष की परीक्षा (मई, 2021 के अन्तर्गत) जुलाई–अगस्त, 2021 हेतु ऑनलाइन आवेदन विषयक आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय पत्रांक–सी.ओ.ई.–73, दिनाँक 28.06.2021 के क्रम में विश्वविद्यालय में बी0पी0ओ0 प्रथम वर्ष की वार्षिकी एवं बी0कॉम0एलएल0बी0 द्वितीय/चतुर्थ/षष्ठम्/अष्ठम् अधिसत्र की शैक्षणिक सत्र् 2020–21 में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों को भी सूचित किया जाता है कि उनकी उक्त वार्षिकी/अधिसत्र परीक्षा (मई, 2021 के अन्तर्गत) जुलाई–अगस्त, 2021 का आयोजन अन्तिम अधिसत्र (फाइलन सेमेस्टर)/वर्ष की परीक्षा के साथ–साथ कराया जाना प्रस्तावित है। तत्सम्बन्ध में **संशोधित परीक्षा समय–सारिणी** विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। विद्यार्थी निम्नलिखित व्यवस्थानुसार ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–पत्र भरा जाना सुनिश्चित करें :–

1) उपर्युक्तानुसार विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के सम्बन्ध में अन्तिम अधिसत्र (फाइनल सेमेस्टर)/वर्ष एवं बी0पी0ओ0 प्रथम वर्ष की वार्षिकी एवं बी0कॉम0एलएल0बी0 द्वितीय/चतुर्थ/षष्ठम्/अष्ठम् अधिसत्र परीक्षा (मई, 2021 के अन्तर्गत) जुलाई–अगस्त, 2021 परीक्षा हेतु अर्ह विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://dsmru.up.nic.in पर प्रदर्शित हो रहे लिंक https://govexams.com/ dsmnru/login.aspx के माध्यम से अपनी नामांकन संख्या/अनुक्रमांक (Enrollment No./Roll No.) भरकर लॉगिन करते हुये विश्वविद्यालय स्तर पर ऑनलाइन **परीक्षा आवेदन हेतु पूर्व निर्धारित तिथि 06.07.2021 को विस्तारित करते हुए दिनाँक 12.07.2021 तक निर्धारित की गयी हैं।** उक्त निर्धारित तिथि तक समस्त विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन करते हुए आवेदन की हार्ड कापी सम्बन्धित विभाग में जमा करना सुनिश्चित करें तथा उसकी स्वहस्ताक्षरित एक प्रति अपने पास अवश्य सुरक्षित रखेंगे।

2) इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उनके परीक्षा हेतु आवेदन करने, प्रवेश–पत्र एवं श्रुतिलेखक के प्रवेश–पत्र के लिए विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय के काउण्टर से संपर्क स्थापित करें। ऑनलाइन आवेदन हेतु निर्धारित तिथि 12.07.2021 को विस्तारित किया जाना संभव नहीं होगा। अतः परीक्षा आवेदन समयबद्ध अपेक्षित है।

ऐसे दृष्टिबाधित परीक्षार्थी जो ऑनलाइन आवेदन भर पाने में असमर्थ है वे अपने समस्त प्रपत्र (स्कैण्ड कापी में यथा– आवेदन–पत्र, दिव्यांगता प्रमाण–पत्र, फीस रसीद, एक फोटोग्राफ, श्रुतिलेखक आवेदन–पत्र की कापी, श्रुतिलेखक की अन्तिम परीक्षा उत्तीर्ण के अंक–पत्र की कापी इत्यादि) **Mail ID- coe_exam2021@dsmnru.ac.in** पर प्रेषित कर सकते हैं अथवा ऑफ लाइन आवेदन–पत्र की प्रति प्रशासनिक भवन के भूतल स्थित कक्ष संख्या–21 से प्राप्त करते हुए दिनाँक 12.07.2021 को अपराह्न 02:00 बजे तक समस्त वांछित अभिलेख सहित अनिवार्य रूप से जमा करे सकते हैं।

3) परीक्षार्थियों से अपेक्षित है कि वे अपने ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–पत्र में समस्त प्रविष्टियाँ सावधानी पूर्वक स्वयं भरें। विश्वविद्यालय कार्यालय में आवेदन प्राप्त होने के उपरांत किसी भी प्रकार के संशोधन/परिमार्जन का अवसर उन्हें नहीं प्रदान किया जायेगा।

4) परीक्षार्थी को कोविड–19 वैक्सीन लगी है या नहीं इसका उल्लेख परीक्षा ऑनलाइन आवेदन में अवश्य करें।

5) ऑन लाइन सबमिशन की किसी भी समस्या हेतु **हेल्प लाइन नं0–8737036906** पर सम्पर्क करें।

6) **ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–प्रपत्र भरते समय संलग्नक हेतु आवश्यक अभिलेख/निर्देश :–**

1. 30-50 KB साइज की स्कैन्ड फोटो सॉफ्ट कॉपी में।
2. 10-30 KB साइज की स्कैन्ड हस्ताक्षर सॉफ्ट कॉपी में।
3. 30-50 KB साइज में शुल्क सम्बंधी चालान की स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी में।

4. दिव्यांगता प्रमाण–पत्र की स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी, यदि लागू हो।
5. फोटाग्राफ, हस्ताक्षर, अन्य अभिलेख किसी एक प्रारूप .jpeg, .jpg, .png, .tif में।
6. यदि कोई दिव्यांग विद्यार्थी श्रुति लेखक हेतु पात्र हैं, तो वह अपने साथ श्रुति लेखक की फोटो, हस्ताक्षर एवं अंतिम शैक्षिक योग्यता अंक पत्र/प्रमाण–पत्र, स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी में अवश्य रखें फोटो अथवा अंक पत्र/प्रमाण–पत्र की साइज 30-50 KB साइज तथा हस्ताक्षर 10-30 KB साइज में।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

पत्रांकः COE-83 /DSMNRU/फा0सं0–COE-165A/परीक्षा/2021–22 — दिनांकः– 03 जुलाई, 2021

<u>प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–</u>

1. मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. सम्बन्धित अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय।
5. सम्बन्धित अधिकारीगण।
6. सिस्टम एनॉलिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
7. विभागीय पटल सहायक को इस निर्देश के साथ कि विभागीय विद्यार्थियों से प्राप्त आवेदन की हार्ड कापी को विभाग में सुरक्षित रखते हुए एवं आवेदन से सम्बन्धित सूची विवरण परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में दिनॉक 13.07.2021 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
8. परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के समस्त प्रकोष्ठ/अनुभाग को अनुपालनार्थ।
9. समस्त नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

03/7/21
(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक